# कार्यालय मुख्य वन संरक्षक
# जगदलपुर वृत्त जगदलपुर बस्तर 494001 (छत्तीसगढ़)

दूरभाष (कार्या.) : 07782— 222006 (निवास ) : 227634, (फैक्स ): 07782— 222120 E-mail-ccfjagdalpur@rediffmail.com

**कमांक/स्थापना/2024/23** **जगदलपुर दिनांक/ 02 /01/2024**

प्रति,

**संचालक**
**जन सम्पर्क संचालनालय,**
**(विज्ञापन शाखा )**
जन संपर्क भवन नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)

**विषयः—** **वनरक्षक (खेल कोटा) के पद पर सीधी भर्ती के संबंध में।**

**संदर्भः—** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा./अराज.) अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक /प्रशा.अराज.1/428—2/2023/10978 दिनांक 18.10.2023

— 000 —

उपरोक्त विषयांतर्गत छ.ग. शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के जगदलपुर वृत्त के अधीन कार्यालयों /वनमण्डलो में वनरक्षक के पद पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रवीणता प्राप्त उम्मीदवारों का खेल कोटा अंतर्गत सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रारूप संलग्न प्रेषित है।

कृपया छ.ग. राज्य स्तरीय, बहुप्रसारित समाचार पत्रों एवं विभिन्न जिलों के संबंधित परिशिष्ट/संस्करण में उक्त विज्ञापन को दिनांक 06/01/2024 तक अथवा इसके पूर्व तक प्रकाशित करने को कष्ट करें एवं प्रकाशित विज्ञप्ति की 01 प्रति इस कार्यालय को भी प्रेषित करने का कष्ट करें।

**संलग्न —विज्ञापन प्रारूप।**

**मुख्य वन संरक्षक**
जगदलपुर वृत्त जगदलपुर

**कमांक/स्थापना/2024/24** **जगदलपुर,दिनांक 02 /01/2024**

**प्रतिलिपिः—**

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा./अराज.) अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़ को संदर्भित पत्र के माध्यम से दिये गये निर्देश के पालन में सूचनार्थ संप्रेषित ।
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(मा.सं.वि./सू.प्रौ.) नवा रायपुर तथा उप वन संरक्षक, वन प्रबंधन सूचना प्रणाली वनमण्डल, नवा रायपुर की ओर विभागीय वेबसाईट WWW.cgforest.com में अपलोड किये जाने हेतु विज्ञापन प्रारूप संलग्न अग्रेषित है।
3. समस्त वनमण्डलाधिकारी/निदेशक/संचालक/उपनिदेशक जगदलपुर वृत्त को सूचनार्थ अग्रेषित कर लेख है कि, उक्त विज्ञापन की एक प्रति अपने वनमण्डल कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्न —विज्ञापन प्रारूप।**

**मुख्य वन संरक्षक**
जगदलपुर वृत्त जगदलपुर

C:\Users\RAJKUMAR\Desktop\26-12-2023 sports F Gd..doc

Scanned with CamScanner

# कार्यालय मुख्य वन संरक्षक
# जगदलपुर वृत्त जगदलपुर बस्तर 494001 (छत्तीसगढ़)

दूरभाष (कार्या.) : 07782— 222006 (निवास ) : 227634, (फैक्स ): 07782— 222120 E-mail-ccfjagdalpur@rediffmail.com

## वनरक्षक (खेल कोटे) के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

**वि.सू./क्र./23** **दिनांक 02.01.2024**

छत्तीसगढ़ राज्य, शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के जगदलपुर वृत्त के अधीन कार्यालयों /वनमण्डलो में वनरक्षक (खेल कोटे) के **कुल 07 रिक्त पदों** पर सीधी भर्ती से नियुक्ति राष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रावीण्यता प्राप्त उम्मीदवारों से किया जाना है । इच्छुक उम्मीद्‌वारों से **दिनांक 23.01.2024 सायं 5.00 बजे तक** आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में कॉलम 05 में दर्शाये गये पते पर पंजीकृत डाक (पावती सहित)/स्पीड पोस्ट से ही भेजा जावे। **कार्यालय में सीधे प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें ।**

1. यह नियुक्ति/चयन माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में दायर याचिका क्रमांक एस.एल.पी (सी) नं. 19668/2022 में पारित होने वाल अंतिम आदेश/निर्णय के अध्याधीन रहेगी।
2. उपरोक्त पद राज्य स्तर के है तथा इन पदों पर नियुक्ति/चयन की कार्यवाही गठित समिति की अनुशंसा पर संबंधित जिला वनमण्डल के सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जावेगी । चूंकि यह भर्ती खिलाड़ी कोटे के अंतर्गत संपन्न की जा रही है, अतः उस विद्या के अभ्यर्थियों के साथ खुली स्पर्धा में परीक्षण प्रतियोगिता खेल विशेषज्ञों के निर्देशन में कराई जावेगी तथा उन्ही विशेषज्ञों की अनुशंसा पर चयन क्रम का निर्धारण किया जावेगा ।
3. भर्ती नियमों में प्रावधान अनुसार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता प्रमाण पत्र, पैदल चाल परीक्षण एवं शारीरिक नापजोख में निर्धारित मापदण्ड को पूर्ण करना अनिवार्य होगा ।

**उम्मीदवारों का चयन निम्नलिखित खेल विद्या से किया जावेगा ।**

| क्र. | खेल का नाम | महिला | पुरूष | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऊंची कूद | 01 | 01 | 02 |
| 2 | गोला/तार गोला फेंक | 01 | 01 | 02 |
| 3 | बाधा दौड़ | - | 01 | 01 |
| 4 | 200 मीटर धावक | 01 | - | 01 |
| 5 | 800 मीटर धावक | 01 | - | 01 |
| | ***योग*** | ***04*** | ***03*** | ***07*** |

**रिक्त पदों की जानकारी**

| पदनाम | अनारक्षित (खेल कोटा) | | योग | कार्यालय जहाँ आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है (नोडल) |
|---|---|---|---|---|
| | महिला | पुरूष | | |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| वनरक्षक | 04 | 03 | 07 | वनमण्डलाधिकारी, बस्तर वनमण्डल, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.) पिन 494001 |

1. पदों की संख्या में वर्गवार कमी या वृद्धि हो सकती है । चयन /नियुक्ति के समय वास्तविक रिक्तियों के विरूद्ध चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जावेगी ।
2. छ.ग. शासन तृतीय श्रेणी (अलिपिक वर्गीय) वन सेवा भर्ती नियम 2012 में निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता पूर्ण करना होगा ।
3. छ.ग. शासन वन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के पत्र क्र./एफ 1—53/2003/10—1/वन नया रायपुर दिनांक 06.07.2020 के अनुसार वनरक्षकों की सीधी भर्ती हेतु निर्धारित प्रकिया के अधीन भर्ती की जावेगी ।
4. छ.ग. शासन वित्त विभाग के वित्त निर्देश 33/2023 के निर्देशानुसार चयनित वनरक्षकों को 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नियुक्त किया जावेगा ।
5. आवेदन पत्र एवं भर्ती प्रकिया संबंधी नियम व शर्ते विभागीय वेबसाईट **www.cgforest.com /www.forest.cg.gov.in** पर उपलब्ध किये जायेगे।

मुख्य वन संरक्षक
जगदलपुर वृत्त जगदलपुर

C:\Users\RAJKUMAR\Desktop\26-12-2023 sports F Gd..doc

Scanned with CamScanner

# आवेदन पत्र एवं भर्ती प्रक्रिया संबंधी नियम व शर्तें

**वनरक्षक पद हेतु शैक्षणिक /तकनीकी अर्हताओ तथा वेतनमान का विवरण :—**

1. वेतन बैंड — (19500—62000) लेवल — 4
2. शैक्षणिक अर्हतायें — मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से हायर सेकेण्ड्री (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण
3. **<u>शारीरिक अर्हताएं :—</u>**

**(अ)** वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी को चयन समिति द्वारा यथा विहित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी । पुरूष अभ्यर्थी के मामले में चार घण्टे में 25 कि.मी. की दूरी पैदल पूर्ण करनी होगी एवं महिला अभ्यर्थी के मामले में चार घण्टे में 14 कि.मी. की दूरी पैदल पूर्ण करनी होगी । उन्हे विहित चिकित्सकीय और शारीरिक उपयुक्तता (फिटनेस) परीक्षा भी उत्तीर्ण करनी होगी ।

**(ब)** वनरक्षक पद के लिये न्यूनतम शारीरिक प्रमाप (स्टेण्डर्ड) निम्नानुसार होगाः—

| शारीरिक प्रमाप | पुरूष अभ्यर्थी | महिला अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| <u>ऊंचाई</u><br>अ.ज.जा. के लिये<br>अन्य वर्ग | <br>152 से.मी.<br>163 से.मी. | <br>145 से.मी.<br>150 से.मी. |
| सीना सामान्य | 79 से.मी. (न्यूनतम) | — |
| सीने का फुलाव | 05 से.मी. (न्यूनतम) | — |

(छ.ग. के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीने के फुलाने संबंधित शर्तो को शिथिल किया जावेगा ।)

<u>नियम एवं शर्ते :—</u>

**1. आयु सीमाः—**

दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में अभ्यर्थी 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक न हो । आयु के संबंध में हाई स्कुल या समकक्ष का प्रमाण पत्र अथवा अंक सूची की सत्यापित प्रति जिसमें जन्मतिथि अंकित हो संलग्न करना होगा ।

**2. चयन परीक्षा :—**

आवेदन पत्रों की जांच पश्चात् शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा । अर्ह अभ्यार्थियों को आवश्यकतानुसार प्रतियोगी परीक्षा/शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जावेगा, जिसके लिए तिथि निर्धारित होने की सूचना पृथक से भेजी जावेगी एवं www.cgforest.com/www.forest.cg.gov.in पर अपलोड की जावेगी । इस हेतु यात्रा भत्ता की पात्रता नहीं होगी ।

**3. निवासी :—**

(1) उम्मीदवार छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।

**4. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :—**

दिनांक 23.01.2024 (मंगलवार) को शाम 5:00 बजे तक वनमण्डलाधिकारी, बस्तर वनमण्डल, जगदलपुर, (छ.ग.) में आवेदन निर्धारित प्रारूप में रजिस्टर्ड ए.डी. /स्पीड पोस्ट से ही जमा करना होगा ।



Scanned with CamScanner

**अन्य शर्ते :-**

01 अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी ।

02 आवेदन पत्र में लिफाफे में आवेदित पद का नाम एवं वर्ग स्पष्ट अक्षरों में लिखना अनिवार्य है । आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा जिस पर 5.00 रूपये का पोस्टल टिकट चस्पा हो संलग्न करें ।

03 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करना तथा प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है । यह शर्त अनुसूचित जाति, जनजाति के उम्मीदवारों के लिये लागू नहीं होगा ।

04 कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।

05 शासकीय /अर्धशासकीय संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा विचारणीय नही होगा ।

06. आवेदन पत्र के साथ सभी प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से सत्यापित या स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करें । अभिलेख बिना अभिप्रमाणित होने की दशा में आवेदन पत्र बिना सूचना के निरस्त की जावेगी ।

07 वनरक्षक खेल कोटा भर्ती प्रक्रिया में बोनस अंक देने का प्रावधान नहीं है ।

08. रिक्त पद, निर्धारित अर्हता, चयन प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित जानकारी वन विभाग के वेबसाईट www.cgforest.com/www.forest.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं तथा संबंधित वनमण्डल कार्यालय से अवलोकन किया जा सकता है, इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि, इसका भली-भांति अध्ययन कर ही आवेदन पत्र भरें, एवं भर्ती संबंधित अद्यतन जानकारी हेतु www.cgforest.com/www.forest.cg.gov.in का अवलोकन करते रहें ।

**मुख्य वन संरक्षक**
जगदलपुर वृत्त जगदलपुर

C:\Users\RAJKUMAR\Desktop\26-12-2023 sports F Gd..doc

Scanned with CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

**राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित एक पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें एवं दूसरी फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।**

**प्रति,**

**वनमण्डलाधिकारी**

**बस्तर वनमण्डल,जगदलपुर**

**पद जिसके लिए आवेदन किया जा रहा हैः– वनरक्षक (खेलकोटा)**

1. आवेदक का नाम :– श्री/श्रीमती/कु. ..........................................................
2. लिंग (महिला/पुरूष) :– ..........................................................................
3. पिता/पति का नाम :– ..........................................................................
4. जन्म तिथि (अंको में) :– ..........................................................................
   (शब्दो में) :– ..........................................................................
5. दिनांक 01.01.2024 की तिथि में आयु वर्ष....................................माह ..............................
6. जाति वर्ग (अना./अ.जा./अ.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग) ..........................................................................
7. स्थाई पता :– ..........................................................................
   ..........................................................................
   मोबाईल नंबर..........................................................................
8. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता एवं मोबाईल नम्बर :– ..........................................................................
   ..........................................................................
   ..........................................................................
9. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है? (हा/नही) प्रमाण –पत्र की सत्यापित छायप्रति संलग्न करें। ..........................................................................
10. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि ..........................................................................
11. जीवित बच्चो की संख्या एवं उनकी जन्मतिथियॉ :– (1)....................................(2)...................................
    (3)....................................(4)...................................
12. रोजगार कार्यालय का नाम :– ..........................................................................
    पंजीयन क्रमांक/दिनांक :– ..........................................................................
13. शैक्षणिक योग्यता का विवरणः– :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि./संस्था का नाम | कुल प्राप्तांक | कुल अंक | श्रेणी | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

**(प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची की स्व–सत्यप्रति प्रति संलग्न करें)**



Scanned with CamScanner

14. शारीरिक मापदण्डः—

| शारीरिक प्रमाप | |
|---|---|
| ऊँचाई | ......................से.मी. |
| सीना (बिना फुलाए) | ......................से.मी. |
| सीने का फुलाव | ......................से.मी. |

15. वर्तमान तथा पूर्व शासकीय सेवा का विवरण (यदि हो) ..............................................................
अ. नियोक्ता कार्यालय का नाम :— ..............................................................
ब. धारित पद का नाम एवं वेतनमान /मूल वेतन ..............................................................
स. कार्य अवधि (कब से कार्यरत है) ..............................................................

16 (1) क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी (हॉ/नही)
पुलिस थाना/ न्यायालय में लंबित है अथवा
न्यायालय से निराकृत हो चुका है?
(2) यदि उत्तर हॉ है तो संबंधित अधिनियम एवं धारा ..............................................................
सहित प्रकरण क्रमांक तथा निर्णय आदि की जानकारी
का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।

17. आवेदित खेल विधा का नाम :— ..............................................................

18. खेल का नाम जिसमें प्रवीणता प्राप्त किया गया है। ..............................................................

19. राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता एवं वर्ष अंकित करें। ..............................................................

**आवदेक के हस्ताक्षर**
**(आवेदक का नाम)**

## <u>घोषणा पत्र</u>

मैं घोषणा करता/ करती हूँ कि, मैंने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी सभी शर्तों को पढ़ लिया है। इस आवेदन पत्र में प्रस्तुत समस्त जानकारियॉ पूर्णतः सत्य एवं सही हैं। कोई भी जानकारी असत्य होने की दशा में मेंरा आवदेन निरस्त किया जा सकेगा एवं किसी भी समय मेंरी नियुक्ति बिना पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकेगी।

दिनांक : ......................... **आवेदक का हस्ताक्षर**
स्थानः .......................... **(आवेदक का नाम)**

संलग्न सहपत्रों का विवरण (संलग्न किए गए सहपत्र पर सही का निशान लगावें)— स्व—सत्यापित प्रति संलग्न करें।

1. छ.ग. मूल निवासी का प्रमाण—पत्र ☐
2. रोजगार कार्यालय के पंजीयन प्रमाण—पत्र ☐
3. वनरक्षक के लिये निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण—पत्र एवं हार सेकेण्ड्ररी (10+2) की अंक सूची की प्रति ☐
4. मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्राप्त प्रमाण—पत्र/प्रवीणता पत्र ☐



Scanned with CamScanner